भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1253

जिसका उत्तर 09.02.2023 को दिया जाना है

तमिलनाडु में सड़को की मरम्मत

1253. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सड़कों की मरम्मत/विकास के लिए राज्यों को केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से निधियां प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस प्रयोजनार्थ तमिलनाडु को प्रदान की गई और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि को दौरान सीआरआईएफ के अंतर्गत राज्य में शुरू की गई सड़क विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इसे कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; और

(घ) सरकारा द्वारा राज्य में सड़क अवसंरचना को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) मंत्रालय वित्त अधिनियम, 2019 द्वारा संशोधित केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि अधिनियम (सीआरआईएफ), 2000 के प्रावधानों के अनुसार केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) योजना के तहत राज्य सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के लिए निधि आवंटित करता है।

(ख) और (ग) मंत्रालय योजना के तहत राज्य सड़क परियोजनाओं के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निधि जारी करने पर विचार करता है, जो योजना के तहत पहले जारी की गई निधियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने के साथ-साथ उनसे प्राप्त प्रस्तावों पर आधारित होता है।

पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत राज्य सड़कों के विकास और रखरखाव के लिए के प्रोद्भवन और जारी निधि/व्यय का विवरण निम्नानुसार है: -

राशि करोड़ रूपये में							
2019-20		**2020-21**		**2021-22**		**2022-23 (31.12.2022 तक)**	
प्रोद्भवन	**जारी**	**प्रोद्भवन**	**जारी**	**प्रोद्भवन**	**जारी**	**प्रोद्भवन**	**जारी**
379.65	262.37	352.04	503.17*	350.32	350.15	432.11	365.12
*** सीआरआईएफ योजना के तहत निधि उस राज्य के पिछले वर्षों के अव्ययित शेष से संबंधित वर्ष के लिए राज्य के प्रोद्भवन से अधिक जारी की गयी है।**							

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य के लिए सीआरआईएफ योजना के तहत 655.76 करोड़ रुपये की लागत वाली लगभग 102.935 किमी की लंबाई वाली 47 राज्य सड़क परियोजनाओं को स्वीकृत/अंतिम रूप दिया गया था।

उपरोक्त परियोजनाओं को मार्च, 2025 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

(घ) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई मार्च, 2014 में लगभग 4,975 किमी से बढ़कर वर्तमान में लगभग 7,000 किमी हो गई है।

*****